सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 291 | इंदौर, शुक्रवार 03 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर में मिले तीनों भाई-बहन

### खातेगांव से गायब हुए थे बच्चे, आरोपी भी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर/देवास। देवास जिले के खातेगांव में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर के पास से ही गायब हुए तीन मासूम भाई-बहनों को पुलिस ने शुक्रवार सुबह इंदौर में सुरक्षित रिकवर कर लिया है। आरोपी कमल पिता देवीलाल पुलिस की गिरफ्त में है। पुलिस की टीम बच्चों और आरोपी को लेकर इंदौर से रवाना हो चुकी है।



दरअसल, खातेगांव के बड़े मोहल्ले से गुरुवार सुबह करीब 11 बच्चे घर के पास ही खेल रहे तीन भाई-बहन गायब हो गए थे। घर वालों को जब इसकी भनक लगी तो आसपास सभी जगह तलाश शुरू की। जब तीनों नहीं मिले तो घर वालों ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले जिसमें जवाहर चौक से सुबह 11:13 बजे एक शख्स तीनों बच्चों को अपने साथ पैदल ले जाते दिखा। सीसीटीवी फुटेज देखकर कुछ लोगों ने संदिग्ध व्यक्ति को कमल कालिया ग्राम-खारिया के रूप में पहचाना।

बच्चों के चाचा ने बताया कि मोहल्ले में शादी होने के कारण सभी वहां खाना खाने गए थे। पास में ही बच्चों के खेलने की जगह है, जहां मोहल्ले के बच्चे साथ में खेलते हैं। परिवार वालों को लगा कि बच्चे वहीं खेल रहे होंगे। जब काफी देर तक बच्चे घर नहीं पहुंचे तो फिर परिवार वालों ने ढूंढना शुरू किया। वहीं सोशल मीडिया पर बच्चों के फोटो भी डाले गए।

इसी बीच शादी समारोह के फोटो और वीडियो भी चेक किए। जिसमें तीनों बच्चे उसी शख्स के पास ही खाना खाते भी दिखे, जो सीसीटीवी में उनके साथ नजर आया था। जिसके बाद पुलिस बच्चों की तलाश में संदिग्ध कमल के घर दबिश के लिए पहुंची। फिर पुलिस को पता कि वो बच्चों को लेकर इंदौर निकल गया है। इंदौर में कुछ जगहों पर बच्चों और आरोपी को देखे जाने की पुष्टि होने के बाद पूरा महकमा इंदौर में तलाशी में जुट गया।

रातभर में कई जगह पुलिस टीम पहुंची। कमल के रिश्तेदारों से पूछताछ की गई। पूरी रात पुलिस टीम की मेहनत का नतीजा सुबह 6:30 बजे निकलकर आया जब तीनों बच्चे सुरक्षित पुलिस के हाथों में आ गए और आरोपी कमल को गिरफ्तार कर लिया गया।

एडिशनल एसपी आकाश भूरिया, खातेगांव टीआई विक्रांत झांझोट ने बताया कि पुलिस बच्चों और आरोपी को लेकर इंदौर से खातेगांव के लिए रवाना हो चुकी है। वहीं बच्चों के पिता अनीस वेल्डिंग का काम करते हैं।

## कंपनी में श्रमिकों को चाय न पिलाने पर हंगामा

### प्रबंधक पर मारपीट का आरोप, थाने पर पहुंचे पीड़ित लेबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में श्रमिकों को चाय देने की बात पर कंपनी प्रबंधक से विवाद हो गया। गुरुवार सुबह कंपनी में कार्यरत करीब 70 कर्मचारी औद्योगिक क्षेत्र थाने पर पहुंचे और कंपनी प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया और प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई।**

बताया जा रहा है कि रात के समय ड्यूटीरत कर्मचारियों को प्रतिदिन दो बार चाय दी जाती है। जिसके चलते उन्हें नींद नहीं आती है। हालांकि, बीती रात श्रमिकों व आपरेटर को चाय नहीं मिली। जिसके कारण श्रमिकों ने सुपरवाइजर को अवगत कराया। उसके बाद आज कंपनी पहुंचे कंपनी प्रबंधक के लोगों ने श्रमिकों को चाय नहीं देने की बात को लेकर कुछ श्रमिकों से विवाद किया जिसके बाद नाराज श्रमिक कार्रवाई को लेकर थाने पहुंचे थे।

कंपनी में कार्यरत सुरेश प्रताप पांडे आपरेक्टर ने बताया कि मगध स्टील कंपनी में कार्य करता हूं वहां पर चाय को लेकर विवाद हो गया। सुपरवाइजर ने कंपनी प्रबंधक को फोन लगा दिया तो वह आज सुबह आकर श्रमिकों से विवाद करने लगे। श्रमिकों के सामने गाली गलोच करने लगे और मुझे मारने के लिए दौड़े। वहां मौजूद हमारे साथियों ने उन्हें पकड़ लिया इस मामले को लेकर हम आज औद्योगिक क्षेत्र थाने पहुंचे और मामले को लेकर आवेदन दिया है। हमारी प्रकरण दर्ज करवाने की मांग है।

## सेवा सहकारी जामगोद के प्रबंधक से 17 लाख की लूट

### जांच में जुटी पुलिस, एसडीओपी पहुंचे घटनास्थल पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सोनकच्छ।** सेवा सहकारी जामगोद के प्रबंधक हरेंद्र सिंह सेंधव पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी से हमला कर 17 लाख रुपए की लूट लिए। इस घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर उसका मेडिकल कराया है। वहीं इस मामले में जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को करीब 7 बजे सेवा सहकारी जामगोद के प्रबंधक हरेंद्र सिंह सेंधव के साथ 17 लाख 9 हजार की लूट को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया। सेंधव ने बताया कि वे 14 लाख रुपए सोनकच्छ जिला सहकारी में जमा कराने के लिए आए थे लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से वे जमा नहीं हो पाए। इसके बाद वे पुनः जामगोद संस्था पहुंचे, जहां से अन्य राशि 3 लाख 9 हजार रुपए लेकर संस्था से अपने घर लौट रहे थे। तभी पल्सर वाहन पर तीन नकाबपोश बदमाश आए, उन्होंने चलती गाड़ी पर उन पर लाठी से सिर पर वार किया, जिसके कारण वे चित हो गए।

## मौत का जिम्मेदार निकला पार्षद

### परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने दो लोगों पर दर्ज किया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। धार पुलिस ने भाजपा समर्पित पार्षद चैतन्य राठौर सहित एक अन्य युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने मोहल्ले में ही रहने वाले अधेड को मानसिक रुप से परेशान करते हुए प्रताड़ित किया था, जिसके बाद अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। आरोपियों ने मृतक के खिलाफ एक अपराध भी पूर्व में दर्ज करवाया था। जब पुलिस ने प्राथमिक रूप से जांच शुरू की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ हैं, इसी आधार पर पार्षद व उसके साथी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही शुरू की गई है।**

दरअसल कोतवाली थाना अंतर्गत नालछा दरवाजा निवासी विश्वास पिता नरेंद्र रघुवंशी उम्र 48 साल ने 19 अप्रैल की देर रात में जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। जब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, तो इलाज के समय अगले दिन मृतक की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई।

मृतक की पत्नी सरिता रघुवंशी, पुत्र हर्ष रघुवंशी सहित परिवार के लोगों को थाने पर बुलाया गया, परिजनों ने कार्यवाही की मांग को लेकर एक आवेदन भी पुलिस को दिया। परिजनों ने बयान के दौरान घर में मिला एक सुसाइड नोट भी पुलिस को सौंपा। आत्महत्या करने से पहले मृतक विश्वास ने सुसाइड नोट में लिखा कि पार्षद चिंटू राठौर व जय से परेशान होकर मैं आत्महत्या कर रहा हूं।

#### निर्दलीय लडा था चुनाव

पार्षद चैतन्य राठौर ने शहर में हुए नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय चुनाव लडा था, तब भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी की हार हुई थी। परिणाम आने के बाद चैतन्य राठौर ने अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। तब से ही पार्षद भाजपा पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय रुप में नजर आने लगे है।

# स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में 175 नकलची पकड़ाएं

## केंद्रों पर उड़नदस्ता दल ने की कार्रवाई,चेकिंग के दौरान जब्त नकल सामग्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में नकल प्रकरण में कमी देखी गई है। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के दौरान 175 नकलची पकड़ाए है। यह प्रकरण केंद्रों पर उडऩदस्ता दल और आब्जर्वर ने बनाए है। वैसे अधिकांश मामलों में चेकिंग के समय नकल सामग्री जब्त की गई। अब इनकी सुनवाई नकल समिति अगले महीने करेंगी।**

अधिकारियों के मुताबिक कोरोनाकाल के बाद विद्यार्थियों ने पढऩे में रूचि दिखाई है। साथ ही केंद्रों पर सख्ती बरती गई है। 5 मार्च से बीए, बीकाम, बीएससी, बीएचएससी, बीए पत्रकारिता सहित अन्य पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की परीक्षा शुरू हुई, जिसमें बीए-बीएससी के पेपर 12 जून तक चलेंगे। परीक्षाओं में 60 हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए है। 120 परीक्षा केंद्र बनाए थे। 65 फीसद केंद्र पर नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। यहां तक कि संवेदनशील केंद्र पर नजर रखने के लिए आब्जर्वर को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जबकि दस से ज्यादा उडऩदस्ते बनाए थे।

अकेले इंदौर शहर पांच उडऩदस्तों ने कालेजों का निरीक्षण किया। वहीं बाकी जिलों के केंद्रों पर एक-एक टीम ने दौरा किया। डेढ़ महीने के भीतर 170-175 नकलची विद्यार्थी पकड़ाए है। बीए में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं ने नकल की है। बीकाम के विद्यार्थियों ने पेपर शुरू होने से पहली नकल सामग्री केंद्र पर जमा करवा दी थी

अधिकारियों के मुताबिक नकलची छात्रों के प्रकरणों की सुनवाई जल्द होगी, क्योंकि यह उनका अंतिम वर्ष है। इसके चलते समिति तुरंत निर्णय करेंगी। ताकि उन्हें पीजी में प्रवेश मिल सके। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि नकल प्रकरण की संख्या कम हुई है। 2020 से लेकर 2023 तक 800 से 1200 प्रकरण बनते थे। इसके पीछे दूसरा कारण यह है कि अब विद्यार्थी शिक्षा को लेकर गंभीर हो चुके है। वे कहते है कि समिति के समक्ष प्रकरण रखेंगे। जांच के दौरान नकल सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर सदस्य विद्यार्थियों की सजा तय करेंगे।

## चलें बूथ की ओर अभियान का पर्यवेक्षण करेंगे अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे और चौथे चरण के 31 जिलों में स्थित प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में चलें बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है।**

श्री राजेश कौल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विदिशा, भोपाल व बैतूल, श्री मनोज खत्री, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायसेन, खंडवा व बुरहानपुर, श्री विवेक श्रोत्रिय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बड़वानी, अलीराजपुर व झाबुआ, श्री बसंत कुर्रे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्योपुर, भिंड व दतिया, श्री तरूण राठी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुना, अशोकनगर व सागर, श्री प्रमोद शुक्ला, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजगढ़, आगर-मालवा व शाजापुर, श्रीमती निमिषा जायसवाल, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मुरैना, धार व हरदा, श्रीमती सुरभि तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उज्जैन, शिवपुरी व खरगौन, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ग्वालियर, इंदौर व देवास और श्री राजेश यादव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीमच, मंदसौर व रतलाम जिले में इस अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों/गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे। साथ ही संबंधित जिले के मतदान केन्द्रों का भ्रमण भी करेंगे।

### मतदाता जागरूकता के लिए आज तिपहिया वाहन रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में लोकसभा चुनाव को देखते हुये मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला जारी है। इस सिलसिले में दिव्यांगजनों द्वारा 3 मई 2024 को शाम 6 बजे से तिपहिया वाहन रैली निकाली जायेगी। यह रैली नेहरू पार्क स्मार्ट सिटी ऑफिस से प्रारंभ होगी। रीगल चौराहा होकर यशवंत क्लब रेसकोर्स पर सम्पन्न होगी।

### रंगपंचमी की गैर को यूनेस्को की सूची में शामिल कराने संबंधी बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रंगपंचमी के अवसर पर इन्दौर से निकलने वाली गैर को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के प्रयास शुरू कर दिये गये है। इसके लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज संस्कृति विभाग के संचालक एवं समिति के अध्यक्ष श्री एन. पी. नामदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में जिला प्रशासन की ओर से इन्दौर की गैर को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत की सूची में सम्मिलित करने के लिए भारत शासन नई दिल्ली को भेजे गए प्रस्ताव की संक्षिप्त जानकारी डॉ. मनोहर दास सोमानी ने दी। बैठक में समिति के संयोजक श्री भालू मोढ़े, सदस्य गण श्री जयन्त भिसे, अभ्यास मंडल के अध्यक्ष श्री रामेश्वर गुप्ता, डॉ. राजीव शर्मा ने भी बैठक में विचार व्यक्त किए व आगामी वर्ष में गैर को प्रभावशील तरीके से आयोजित कर इसे विश्व स्तरीय बनाने पर सहमति दी। जिला स्तरीय समिति की सदस्य डॉ. नमिता काटजू ने गैर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। अंत में सभी का आभार समिति के सदस्य श्री जयन्त भिसे ने दिया।

## चंद्रभागा का नाला चौड़ा करेंगे, चंदन नगर के नाले की होगी रात में निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर नगर निगम के द्वारा चंद्रभागा के नाले को चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही चंदन नगर के नाले की अब रात के समय पर निगरानी की जाएगी। निगमायुक्त शिवम वर्मा द्वारा सफाई व्यवस्था निरीक्षण के अंतर्गत पंढरीनाथ स्थित हाजिरी पॉइंट पर सफाई मित्रों की हाजरी चैक की गई तथा कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली गई।**

बताया गया है कि कलाल कुई मस्जिद के पास स्थित चंद्रभागा नाले का निरीक्षण किया गया। यहां सीवरेज लाइन डालने एवं नाला चौड़ीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वर्मा द्वारा कलेक्टर चौराहे स्थित वर्षा के जल जमाव के निराकरण तथा वर्षा के जल को रोकने हेतु इलेक्शन ऑफिस के पास तथा वाटर रिचार्जिंग स्पाट बनाने के निर्देश दिए गए।

खेड़ापति हनुमान मंदिर रामनगर के पास में चंदन नगर नाले का निरीक्षण किया गया। नाले में कचरा आने पर एनजीओ पर नाराजगी व्यक्त की। सीएसआई एवं एनजीओ को नाले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए गए। नाले में कचरा आने पर एनजीओ के विरुद्ध भी पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। मौके पर निगम के अधिकारियों के द्वारा यह कहे जाने पर की रात में कोई आकर कचरा फेंक जाता है। आयुक्त ने निर्देश दिए की रात के समय पर इस नाले की निगरानी की जाए और कचरा फेंकने वालों को पकड़ा जाए।

कटाक्ष




## बच्चों ने अपनी मन की कल्पनाओं को शीट पर उकेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। बच्चों को सुसंस्कारवान बनाने के लिये श्री दि. जैन कुन्दकुन्द परमागम ट्रस्ट, साधना नगर के प्रयास से पिछले 23 वर्षों से बाल संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी यह शिविर आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों को भारतीय संस्कृति के साथ ही संस्कार व जैनत्व के संस्कार का महत्व बताया गया। शिविर के दौरान कई रोचक स्पधाएं भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बढ़चकर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय बडजात्या एवं महामंत्री सुशील काला ने बताया कि सात दिवसीय जैनत्व बाल संस्कार शिविर की परीक्षा का आज आयोजन किया गया। जिसमें 522 छात्र-छात्राओं ने लिखित एवं मौखिक परीक्षा दी। इसमें सभी छात्रों ने जो पिछले 6 दिनों में अध्ययन किया उसका मूल्यांकन किया। बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा के आधार पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक बडे बच्चों ने धार्मिक प्राकृतिक एवं पुरातत्व से संबंधित, आपस में एक दूसरे का समिश्रण करते हुए चित्रकला में अपनी मन की कल्पनाओं को पेंसिल और कलर के माध्यम से व्हाईट शीट पर उकेरा। इस शिविर में बच्चे संस्कारों के वट वृक्ष के रुप में विकसित हुए। शिविर के दौरान प्रातः 06:30 बजे से उपस्थित लगभग 600 बच्चों द्वारा जैन धर्म के संस्कारो का रोपण किया गया। वहीं बच्चों की सुविधा के लिए ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क बस की सुविधा भी घर से शिविर तक लाने ले जाने के लिए उपलब्ध करवाई गई थी।

## रिपोर्ट लिखवाई तो की मारपीट

**इंदौर।** राऊ पुलिस को फरियादी कालू पिता भेरूसिंह डाबर निवासी नेहरू नगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि लखन और उसके साथी ने आकर कहा कि तुमने मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई थी, रिपोर्ट लिखाकर भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए। लखन के साथियों ने फरियादी को अपशब्द कहते हुए डंडे से मारा और पत्थर भी फेंका। बीचबचाव करने आए फरियादी के भाई सुनील भी मारपीट का शिकार हो गया जिसके वह घायल हो गया।

# इलेक्ट्रिक बसें चलाने नगरीय विकास विभाग तैयार करेगा कार्ययोजना

## इंदौर समेत प्रदेश के 6 शहरों में 552 ई-बसें चलाने की हो रही है तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र सरकार प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को बढ़ावा दे रही है। लोकसभा चुनाव के बाद इंदौर समेत प्रदेश 6 शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन शुरु होने लगेगा। सरकार ने 6 शहरों में 552 ई-बसें चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। साथ ही शहरों में बसें पहुंचाने का काम भी शुरु हो गया है। प्रथम चरण में जिन शहरों का चयन किया गया है उनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर नगर निगम क्षेत्र शामिल हैं। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर इसी सप्ताह बैठक बुलाई जाने वाली है। इस बैठक में ई-बसों के संचालन की व्यवस्था के साथ एक्सपर्ट्स को भी बुलाया जाएगा ताकि हर पहलू पर चर्चा की जा सके।**

उल्लेखनीय है की मोहन यादव कैबिनेट पहले ही फरवरी में पीएम ई बस सेवा के अंतर्गत प्रदेश के 6 बड़े शहरों में इसके संचालन का फैसला कर चुकी है। अब इस योजना में चलाई जाने वाली बसों के आपरेशन और बसों के केंद्र से डिमांड समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के साथ एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) तैयार करने को लेकर नगरीय प्रशासन और विकास विभाग सक्रिय हो गया है।

### बसों के संचालन को लेकर इसी सप्ताह बैठक

बताया गया है की लोकसभा चुनाव के दौरान चूंकि नीतिगत निर्णय लेने का काम नहीं हो सकता और कैबिनेट बैठक नहीं हो सकती। इसलिए अब मंत्रालय के अधिकारी आचार संहिता लागू होने के पहले लिए गए निर्णयों के नियमों को बनाने और अन्य प्रक्रिया पूरी करने में जुटे हैं। इसी तारतम्य में जल्द ही नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर इसी सप्ताह बैठक बुलाई जाने वाली है। इस बैठक में ई-बसों के संचालन की व्यवस्था के साथ एक्सपर्ट्स को भी बुलाया जाएगा ताकि हर पहलू पर चर्चा की जा सके और आचार संहिता लागू होने के बाद इस मामले में विस्तृत चर्चा के लिए फिर कैबिनेट में लाया जा सके।

### इन शहरों में है चलाने का प्रस्ताव

मोहन सरकार ने फरवरी के अंतिम सप्ताह में हुई कैबिनेट में प्रदेश के जिन 6 बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक बसें चलाने का फैसला लिया था उसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर नगर निगम क्षेत्र शामिल हैं, जहां 552 ई बसों का संचालन किया जाएगा। एमपी सरकार प्रधानमंत्री ई-बस योजना के अंतर्गत इन बसों का संचालन करेगी। केंद्र सरकार बसें उपलब्ध कराएगी और 12 साल के लिए ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस कॉस्ट भी देगी। इस योजना से ई-बसों का प्रमोशन होगा और धीरे-धीरे विस्तार भी किया जाएगा।

### समिति का गठन कर तय करेंगे संचालन व्यवस्था

अब तक ई-बसों के संचालन को लेकर जो फैसले हुए हैं उसके अनुसार राज्य शासन द्वारा ई-बसों के संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर एक समिति गठित की जाएगी। दूसरी ओर, केंद्र सरकार का दावा है कि ई-बसों के संचालन के बाद यात्री किराए में तीस फीसदी तक की कमी हो सकती है। इसके साथ ही डीजल पर निर्भरता भी घटेगी और प्रदूषण रोकने में भी आसानी होगी।

# तीसरी बार बढ़ाया हावड़ा स्पेशल ट्रेन का फेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गर्मी की छुट्टी लगते ही इंदौर से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग शुरू हो गई है। जिसके चलते रतलाम मंडल ने अलग-अलग रूट के लिए चार ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। जिसमें इंदौर-हावड़ा के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। इस ट्रेन का फेरा हर सप्ताह बढ़ाया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को एक फिर इंदौर से रवाना होगी।**

बता दें कि इस ट्रेन को स्पेशल किराये के साथ चलाया जा रहा है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि इंदौर हावड़ा स्पेशल (09335) ट्रेन शुक्रवार रात 10.30 बजे इंदौर से चलकर रविवार सुबह छह बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन रविवार शाम 5.40 बजे चलकर मंगलवार रात 12.50 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, शुजालपुर, संतहिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, प्रयागराज, बनारस, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरीओनसोन, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बद्र्धमान स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। हालांकि स्पेशल ट्रेन शुरू होने के बावजूद इंदौर-हावड़ा के बीच चल रही नियमित ट्रेन शिप्रा एक्सप्रेस में वेटिंग कम नहीं हो रही है।

# भाजपा में गए डॉ. अक्षय कांति बम की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए डॉ. अक्षय कांति बम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पुराने मामलों में उनको भले ही राहत मिल जाए, लेकिन अब एक और मामला अदालत पहुंच गया है। उनके कॉलेज के पुराने फैकल्टी ने मिलकर 1 मई को परिवाद दायर कराया है। इसकी सुनवाई 10 मई को होगी। बता दें, इसी दिन 17 साल पुराने जमीन विवाद के एक अन्य मामले में भी अक्षय की पेशी है, जिसमें धारा 307 बढ़ा दी गई है।**



पाला बदलने के सवाल पर अक्षय बम कह रहे हैं, 'रामभक्त हूं। सनातन और राष्ट्रहित के काम के लिए आया हूं। कोई मुझे डरा नहीं सकता।' हालांकि, अब नई-नई थ्योरी भी सामने आ रही हैं। अप्रैल के पहले हफ्ते में कांग्रेस से टिकट की घोषणा होते ही अपने लॉ कॉलेज स्टाफ से धोखाधड़ी और प्रताड़ना के आरोप पर छात्रा के साथ फैकल्टी ने भी मोर्चा खोला था। जांच EOW और सीबीआई तक से कराने के लिए ज्ञापन दिए गए थे। यह वही टाइमिंग है, जब धारा 307 बढ़ाने के लिए अदालत में नया आवेदन पहुंचा था। इससे भी अंदाजा लगा सकते हैं कि कैसे चुनाव के बीच अक्षय घिरते जा रहे थे। बाले-बाले जांच शुरू कर दी गई, जिसके प्रेशर में अक्षय बम आ गए। लॉ कॉलेज की स्टूडेंट्स ने प्रताड़ित करने के आरोप लगाए, जो हिंदू संगठन की नगर से सीधे प्रदेश महामंत्री बना दी गईं हैं। कॉलेज की पुरानी और मृत फैकल्टी को काम पर बताकर नेशनल रैंकिंग लेने के आरोप लग रहे थे। चुनाव प्रचार चल रहा था। इस बीच भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के क्षेत्र वार्ड नंबर 24 में रहने वाली पूजा नाम की लॉ स्टूडेंट ने प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। 8 अप्रैल 2024 को ज्ञापन देकर कहा कि धोखाधड़ी हुई है, इसलिए मान्यता रद्द करें। ज्ञापन EOW में दिया। छानबीन भी शुरू कर दी गई, लेकिन पाला बदलते ही जांच ठहर गई है। इसके अगले दिन शिकायत करने वाली लॉ स्टूडेंट को हिंद राष्ट्र संगठन में इंदौर जिले का महामंत्री बना दिया गया है। इस ऐसे समझिए कि श्यामा चरण शुक्ला नगर-कुलकर्णी नगर निवासी पूजा कुशवाह ने कॉलेज के चेयरमैन डॉ. अक्षय कांति बम, डायरेक्टर डॉ. मनप्रीत कौर राजपाल, प्रिंसिपल डॉ. विनोद पाटीदार, HOD और HR प्रबंधन के विरुद्ध 5 अप्रैल 2024 को पुलिस सहित आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई। इसका नेतृत्व हिंद राष्ट्र नाम के संगठन ने किया। इसके प्रमुख इंदौर के भाजपा नेता राजेश शिरोडकर हैं। यह ज्ञापन 8 अप्रैल को रीगल चौराहा स्थित पुलिस कार्यालय में दिया था।अक्षय के कॉलेज इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की पुरानी फैकल्टी की ओर से एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर ने बताया कि डॉ. कविता दिवे, विशाल पुराणिक, रूपाली व अन्य असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कॉलेज में नौकरी करते थे। सभी ने काफी समय पहले कॉलेज छोड़ दिया था। वकीलों ने बताया इसके अलावा रश्मि शुक्ला नामक फैकल्टी ने नवंबर 2022 में सुसाइड कर लिया था। इसके बावजूद कॉलेज मैनेजमेंट ने वेबसाइट पर नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क के डेटा में असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि शुक्ला, विशाल पुराणिक,आशीष कुमार सोनी, डॉ. माधुरी मोदी, डॉ. योगिता मेनन, डॉ. योगिता चौहान, अमरेश पटेल, नवीन दवे, सौरभ कुमार, डॉ. दिनेश अशोक, डॉ. कविता दुबे, करण जीत कौर, रूपाली को कॉलेज में नियमित नौकरी पर दिखाया। यह डेटा मार्च-अप्रैल 2024 में ही अपलोड किया गया। फैकल्टी के दस्तावेज के जरिए नेक रैंकिंग A + एवं ऑटोनोमस स्टेटस भी प्राप्त किया था। इस मामले में परिवाद को लेकर सुनवाई भी 10 मई को होने जा रही है। कोर्ट ने जवाब मांगा है।

# ऐसा कोई पैदा नहीं हुआ है जो चिंटू चौकसे को खरीद सके

### मेरे पास कोई आया तो जूते मारकर गंजा करके पहुंचाउंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम द्वारा अपना नामांकन वापस लेने और भाजपा का दामन लेने के बाद कांग्रेसियों में काफी आक्रोश है। अब नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे कह रहे हैं कि ऐसा कोई पैदा नहीं हुआ है जो चिंटू चौकसे को खरीद सके या कुछ दे सके। किसी की औकात भी नहीं है जो मेरे पास आ जाए या बात भी कर सके। जो बात करने की कोशिश करेगा उसको जूते-चप्पल मारकर गंजा करके पहुंचाउंगा। दरअसल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। इसके साथ बुधवार को अक्षय बम के खिलाफ शोक सभा करने की योजना बनाई थी। प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के बाद उन्होंने गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ही प्रदर्शन किया था। इस दौरान चौकसे ने यह तीखा बयान दिया। इसे लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि कांग्रेस के लोग खुद से संभल नहीं रहे हैं। वे अपने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को वहां सम्मान नहीं दे रहे हैं। उनकी बात को समझ नहीं पा रहे हैं, उनकी मन की पीड़ा को नहीं समझ पा रहे हैं। वरिष्ठ नेता अपने अहंकार और अभिमान में लगातार कार्यकर्ताओं को अपमान कर रहे हैं और भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी नामवापसी के खिलाफ फिर हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कांग्रेस के वैकल्पिक प्रत्याशी मोतीसिंह पटेल (सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट) का नामांकन स्वीकार नहीं करने पर कांग्रेस फिर हाई कोर्ट पहुंच गई है। उसने इंदौर हाईकोर्ट की एकलपीठ के याचिका खारिज करने के फैसले को खंडपीठ में चुनौती दी है। सुनवाई 3 मई को होगी। अपीलकर्ता और चुनाव आयोग दोनों का पक्ष सुना जाएगा। बता दें कि कांग्रेस की ओर से जारी फॉर्म-B में अक्षय कांति बम के साथ सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट के रूप में पटेल का नाम दिया था। स्क्रूटनी में पटेल का नामांकन खारिज कर दिया गया था। इसके बाद मुख्य प्रत्याशी अक्षय ने भी 29 अप्रैल को नाम वापस ले लिया। इसके चलते कांग्रेस मैदान से पूरी तरह बाहर हो गई थी। अब कांग्रेस चाहती है कि यदि अक्षय ने नामवापसी की है तो हमारे सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट मोतीसिंह पटेल को नामांकन स्वीकार करते हुए उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए।

# 6 मई को खरगोन आएंगे राहुल गांधी : सभा को संबोधित करेंगे

## एक दिन बाद 7 मई को पीएम मोदी भी आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 6 मई की एक साथ चुनावी सभा होने से दोनों के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। पीएम मोदी की चुनावी सभा 7 मई को होगी। उसी दिन कांग्रेस की सेगांव में तय सभा अब एक दिन पहले 6 मई को होगी। पीएम भाजपा प्रत्याशी गजेंद्रसिंह पटेल व राहुल गांधी प्रत्याशी पोरलाल खरते के समर्थन में सभा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के दो बड़े नेताओं की एक ही दिन में दो सभाओं को देखते हुए अब मोदी की 7 मई की खरगोन सभा के एक दिन पहले राहुल चुनावी दौरे पर जिले के सेगांव पहुंचेंगे।

हालांकि अभी दोनों ही नेताओं का सरकारी दौरा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। दोनों संगठन के नेता



अपने स्तर पर डोम पंडाल की तैयारी कर रहे हैं।

जिले में एक साथ दो राष्ट्रीय नेताओं की जिले में सभा को लेकर शासन प्रशासन व्यवस्थाओं को लेकर मुश्किल में था। नो फ्लाई झोन एरिया, ट्रैफिक सहित चुनाव बीच सुरक्षा व्यवस्था के चलते दोनों सभाएं लगभग एक ही दिन पर हो पाना संभव नहीं लग रहा था। इसे लेकर कांग्रेस संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने बताया दोनों सभा अच्छी तरह से हो, इसलिए प्रशासन की गुजारिश पर संगठन स्तर पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रधानमंत्री के 7 मई के दौरे से एक दिन पहले 6 मई को राहुल गांधी की सेगांव में सभा रखी गई है।

### 11 विधानसभा के आदिवासियों को साधेंगे मोदी

पीएम मोदी की चुनावी सभा नवग्रह मेला मैदान पर सुबह 11 बजे होगी। इसको लेकर डोम खड़ा किया जा रहा है। यहां पर खरगोन खंडवा व बड़वानी जिले की 11 विधानसभाओं की एक लाख जनता के साथ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### खरगोन, बड़वानी व धार जिले के आदिवासी टारगेट में

उधर, राहुल गांधी सेगांव में खरगोन, बड़वानी जिलों की 10 विधानसभाओं के वोटर को संबोधित करेंगे। सेगाव में लालबाई फूलबाई मंदिर के सामने डोम लगाया जा रहा है। लोकसभा के 1 लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। राहुल जोबट में चुनावी सभा के बाद यहां पहुंचेंगे।

# सीहोर में ग्रामीणों को दिखा बाघ

## पानी की तलाश में रहवासियों के इलाके में पहुंचने की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** जिले में जब से भीषण गर्मी का दौर शुरू हुआ है और तापमान लगातार 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। तभी से तेंदुए और बाघ कई स्थानों पर नजर आने लगे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि शायद वह पानी की तलाश में रहवासी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। जिले में 1 महीने के दौरान अब तक ऐसे 3 मामले सामने आ चुके हैं।

जानकारी के अनुसार सबसे पहला मामला लाडकुई क्षेत्र के अंतर्गत किशनपुर से सामने आया था। जहां एक तेंदुआ ग्रामीण के घर में जाकर बैठ गया था और मुश्किल से उसका रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद रेहटी के पास सूखी नदी में बाघ और तेंदुआ नजर आए थे और अब ताजा मामला कोलार डैम के पास से सामने आ रहा है।

बताया गया है कि बुधनी क्षेत्र में लगातार बाघ की मूवमेंट देखी जा रही है। जहां पूर्व में रेहटी क्षेत्र में बाघ को दिखने की खबरें सामने आई। तो वहीं कुछ दिन पूर्व ग्राम सेमरी के पास रोड क्रॉस करता बाघ देखा गया था। जिसमें एक ग्रामीण ने पेड़ पर चढ़कर अपने आप को बचाया था।

वही लाड़कुई से भोपाल जाने के दौरान कुछ ग्रामीणों को वीरपुर डैम कोलार नदी के समीप बाघ देखा गया। बाघ को देख ग्रामीणों द्वारा एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसमें रोड के नजदीक बाघ को खड़ा देखा जा सकता है।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला

## कार्यवाही के दौरान भीड़ ने खदेड़ा, प्रभारी ने भाग कर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतना। बस स्टैंड में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान गुरुवार दोपहर बवाल मच गया। बस स्टैंड में एक्शन से भड़के कुछ लोगों ने अतिक्रमण दस्ता प्रभारी और उनकी टीम पर हमला कर दिया। हालात कुछ ऐसे हुए कि निगम के अमले को दौड़-भाग कर अपना बचाव करना पड़ा। इस घटना में निगम के कई कर्मचारी घायल भी हुए हैं। बाद में दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंच गए।

जानकारी के मुताबिक, नगर पालिक निगम सतना का अतिक्रमण विरोधी दस्ता गुरुवार को प्रभारी अधिकारी आरपी सिंह परमार के साथ बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचा था। टीम ने दीन दयाल रसोई के पास स्थित नगर निगम के यात्री प्रतीक्षालय भवन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए वहां भरा बसों का कबाड़ और तमाम अन्य सामान जब्त कर लिया।

यहां बस ऑपरेटरों के ऑफिस बने हुए हैं जिनके सामने टीन शेड भी लगा रखे गए हैं। इन टीन शेड के आगे तमाम ठेले लगते हैं। निगम की टीम ने इन टीन शेड को भी तोड़ दिया और ठेले भी जब्त कर लिए। इसी बीच कुछ लोग वहां पहुंचे और हंगामा करने लगे।

देखते ही देखते सैकड़ा भर से अधिक लोगों ने निगम के अमले को घेर लिया और खदेड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी आरपी परमार को भी अपने घेरे में लेने की कोशिश की लेकिन स्टाफ ने उनका बचाव कर लिया। हालांकि वहां से बच कर निकलते वक्त परमार दो बार गिर भी पड़े। भीड़ ने निगम के कुछ कर्मचारियों के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की के नतीजन कई कर्मचारी चोटिल भी हो गए।

## आगर मालवा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव : जनसभा में बोले-

# कोरोना के टीके लगाकर पीएम ने दी संजीवनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर मालवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे आगर पहुंचे। उन्होंने देवास संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में स्थानीय बस स्टैंड पर जनसभा को संबोधित किया।**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम कहां पैदा हुए सबको पता है, अगर नहीं पता है तो सिर्फ कांग्रेसियों को। भगवान राम का मंदिर बना सबको खुशी हुई, अगर खुशी नहीं हुई तो बस एक पार्टी के लोगों को।

उन्होंने पीएम मोदी को लेकर कहा कि कोरोना के टीके लगाकर प्रधानमंत्री ने सबको संजीवनी दी है, 100 से ज्यादा देश में दवाई बांटी है। सीएम के सामने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंच से भाजपा का दामन थामा। इस दौरान सीएम ने कहा की भाजपा देश भर में 400 से ज्यादा और उज्जैन सहित मध्यप्रदेश की 29 सीटें जीतेगी।

### यात्री और व्यापारी हुए परेशान

सभा स्थल आगर बस स्टैंड होने से यात्री बसों की आवाजाही बंद रही। इस दौरान सभी बसें बाहर मुख्य मर्ग से ही निकलने से सैकड़ों यात्री परेशान होते दिखाई दिए। वहीं बस स्टैंड क्षेत्र की दुकानों को भी पुलिस ने बंद करवा दिया, जिससे व्यापारी भी परेशान दिखे।

**पन्ना में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई**

# नगर परिषद की अध्यक्ष सारिका खटीक 30 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना।** जिले में रिश्वतखोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब तक अधिकारी कर्मचारी रिश्वतखोरी के जाल में फंस रहे थे। लेकिन अब अमानगंज नगर परिषद की अध्यक्ष सारिका खटीक को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए सागर लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

नगर परिषद अध्यक्ष ने फरियादी से बिल पेमेंट करवाने के एवज में 40 हजार की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत फरियादी ने सागर लोकायुक्त में की थी। गुरुवार की दोपहर सागर लोकायुक्त की टीम ने नगर परिषद अध्यक्ष को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार राघवेंद्र राज मोदी (35) निवासी अमानगंज ने बताया कि उनकी लिफ्टर मशीन नगर परिषद अमानगंज में करीब 34 हजार के महीने में लगी थी। इसका 4 माह का बिल पेमेंट नगर परिषद से नहीं हुआ था। कुल बिल पेमेंट 1,33,332 रुपए बकाया था। अपना पेमेंट कराने के लिए फरियादी ने नगर परिषद की अध्यक्ष सारिका खटीक से कहा तो उन्होंने 40 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। सारिका खटीक भाजपा की एक बड़ी नेत्री है। दमोह जिले के एक बड़े राजनीतिक परिवार की पृष्ठभूमि से आती हैं। शादी के पहले सारिका खटीक दमोह जिले से दो बार जिला पंचायत सदस्य भी रह चुकी हैं। फिर उनकी शादी अमानगंज में शारद खटीक से हुई।

# 1 लाख 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाए सहकारिता आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** सहकारिता उपायुक्त को लोकायुक्त पुलिस ने 1 लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। सहकारिता उपायुक्त आर सी जरिया शहर के किला परिसर स्थित कार्यालय में फरियादी से 1 लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत ले रहे थे। पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीदी सहकारी समितियों के माध्यम से हो रही है। जिले की समितियों से सहकारिता उपायुक्त एक रुपए प्रति क्विंटल के मान से रिश्वत ले रहे थे। सहकारिता उपायुक्त की रिश्वत खोरी से परेशान होकर जिले की पांच समितियों ने लोकायुक्त पुलिस उज्जैन पर इसकी शिकायत दर्ज की। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त ने फरियादी हरिदास वैष्णव (समिति प्रबंधक दास्ताखेड़ी) और सहकारिता उपायुक्त के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग के तर्ज पर योजना बनाई। और सहकारिता आयुक्त को 1 लाख 15 हजार रूपए की राशि देते हुए रंगे हाथ पकड़ा। डीएसपी लोकायुक्त राजेश पाठक ने बताया की शाजापुर जिले की पांच समितियों के प्रबंधकों ने बताया सहकारिता उपायुक्त आर सी जरिया द्वारा समर्थन मूल्य पर शासकीय गेहूं की खरीदी पर प्रति एक क्विंटल पर एक रूपए की रिश्वत मांग कर रहे हैं।

# भीषण गर्मी में 118 किमी की पैदल पंचकोशी यात्रा

## उज्जैन में हजारों लोग पहुंचे, 5 से 65 वर्ष तक के श्रद्धालु यात्रा में शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में हर साल पंचकोशी यात्रा में पटनी बाजार स्थित नागनाथ की गली में भगवान नागचंद्रेश्वर को एक नारियल चड़ाकर भगवान से बल लेकर यात्री 118 किलोमीटर की यात्रा शुरू करते हैं। इस बार यात्रा 3 मई से शुरू होकर 7 मई को समापन होगा। हालांकि सैकड़ों यात्री दो दिन पहले ही गठरी सिर पर रख कर यात्रा पर निकल चुके हैं। शुक्रवार से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर निकल पड़ा। कई श्रद्धालु पहले पड़ाव पिंगलेश्वर पर भी पहुंच गए हैं।**

यात्रा में प्रदेश भर के लोग पहुंचे हैं। अपने साथ सूखा राशन और कपड़ों को गठरी बनाकर सिर पर रखकर पांच दिन के लिए घर से दूर निकले पड़ते हैं। भीषण गर्मी में आस्था का सैलाब पैदल सड़कों पर निकलता है। यात्री इस दौरान शहर के चारों कोनों में विराजित मंदिर 1. पिंगलेश्वर, 2 कायावरोहणेश्वर, 3. बिल्वेश्वर, 4. दुर्धरेश्वर, 5. नीलकंठेश्वर के पूजन अर्चन कर मंगलवार को शिप्रा नदी में स्नान कर अपनी यात्रा खत्म करेंगे।

### ये पड़ाव होंगे

तपती धूप में जहां कुछ देर खड़े रहना भी मुश्किल है। ऐसे में पंचकोशी यात्रा में प्रदेश भर से आए हजारों यात्रियों में बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष सभी 118 किमी की पैदल यात्रा करेंगे। इस दौरान वे यात्रा में मुख्य पड़ाव पर विश्राम करेंगे। पंचकोशी यात्रा में पिंग्लेश्वर ,करोहन,नलवा,अम्बोदिया,केडी पैलेस,जैथल और उंडासा पड़ाव होंगे। कुल पांच पड़ाव और दो उप पड़ाव में श्रद्धालु आराम कर सकेंगे। पांच दिवस की पंचकोशी यात्रा का पुण्यफल अवंति में वास में करने का अधिक है।

### दाल बाटी का आनंद लेकर 118 किमी की यात्रा

आस्था का ऐसा सैलाब के बीच यात्री तपती सड़कें और लंबे रास्ते में भजन करते करते कारवां कब अगला पड़ाव पहुंच जाते हैं, पता ही नहीं चलता। पंचकोशी यात्रा वैशाख माह की कृष्ण दशमी से प्रारम्भ होकर अमावस्या पर समापन होती है। प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग, पड़ाव, उप पड़ाव स्थलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित विभागों के जिला अधिकारियों को पंचकोशी यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इधर, भीषण गर्मी में 118 किमी की पैदल यात्रा बुधवार से ही शुरू हो गई, जबकि इसे विधिवत शुक्रवार से प्रारम्भ होना था। यात्रा में प्रदेश भर के श्रद्धालु शामिल हुए हैं। सिर पर खाने और पीने के समान की गठरी और भजन मंडली के साथ करीब 2 लाख से अधिक यात्री पहुंचने की उम्मीद है।

## संपादकीय


# सख्त कार्रवाई करने की जरूरत

*अफवाह फैलाने वालों का मूल मकसद लोगों में दहशत फैलाना और प्रशासन को परेशान करना होता है। वे इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होते हैं कि ऐसा करने पर उन्हें कड़ी सजा हो सकती है। फिर भी अफवाहों के सिलसिले पर रोक नहीं लग पा रही। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब सौ स्कूलों में बम रखे होने की सूचना मेल के जरिए देना इसकी ताजा कड़ी है। यह मेल बुधवार को तड़के भेजा गया था। उसके बाद स्वाभाविक ही अफरातफरी का माहौल बन गया। स्कूल खाली करा लिए गए। पुलिस और बम निरोधक दस्ते स्कूलों की छानबीन करने में जुट गए। दोपहर तक पूरे प्रशासन का ध्यान इसी तरफ लगा रहा। आखिरकार पता चला कि सूचना झूठी थी। पुलिस ने पता कर लिया है कि मेल कहां से भेजा गया था। इससे पहले भी कुछ स्कूलों में इसी तरह बम रखे जाने की झूठी सूचनाएं दी गई थीं, जिससे प्रशासन को नाहक परेशान होना पड़ा था। इस समय चुनाव की सरगर्मी है, इसलिए भी ऐसी सूचना से प्रशासन के माथे पर बल पड़ गए थे। इस तरह बम रखे होने की सूचनाएं देने के मामले पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। हवाई जहाजों में बम रखने की अफवाहें तो जैसे आम बात हो चली हैं। ऐसी गलत सूचनाएं देने वाले पकड़े भी जाते हैं। उनमें से कइयों को लंबी अवधि की सजाएं भी सुनाई जा चुकी हैं। फिर भी अफवाह फैलाने वाले कोई सबक नहीं ले रहे, तो इसकी एक वजह तो युवाओं में पुलिस को परेशान कर क्षणिक सुख पाने की प्रवृत्ति है। दूसरे, बहुत सारे लोग किसी झुंझलाहट में या किसी को सबक सिखाने के इरादे से ऐसा करते हैं। संचार संसाधनों के प्रसार और उन्हें उपयोग करने की चोर विधियों ने गलत सूचना देकर सुख पाने की प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। ऐसे लोग अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं कर पाते कि ऐसी सूचनाओं से कितने लोगों को परेशानी उठानी पड़ती और कई बार बड़े हादसे भी जाते हैं। अच्छी बात है कि पुलिस ने ऐसी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई का व्यवस्थित तंत्र विकसित कर लिया है।*

### अर्ज़ किया है..!

*हज़ारों साल की थी*
*आग मुझ में*
*रगड़ने तक में*
*इक पत्थर रहा था*

-फ़ेसीन एजाज़




*आप अतीत या भविष्य से दुःख नहीं पा सकते क्योंकि उनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। जिस चीज से आप दुःख पा रहे हैं, वो है आपकी स्मृति और आपकी कल्पना।*

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# ट्रक के टायर बदलकर जिंदगी के सफर को दी रफ्तार

## खास है इस महिला मैकेनिक के जीवन की कहानी



**महिलाएं इतनी सशक्त हो चुकी हैं कि हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। शस्त्र से साहित्य तक महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है। महिलाएं देश के रक्षा विभाग में हैं तो वहीं डॉक्टर, इंजीनियर और पायलट बन विमान उड़ा रही हैं। ऐसी ही एक महिला हैं, जो कि ट्रक मैकेनिक हैं।**

क्या आपने आस-पास कोई महिला ट्रक मैकेनिक देखी है? हो सकता है, न भी देखी हो, क्योंकि यह महिलाओं के लिए कोई सामान्य काम नहीं है। मगर तेलंगाना में कोठागुडेम के गांव सुजाता नगर की रहने वाली 32 वर्षीय येडालपल्ली आदिलक्ष्मी एक ट्रक मैकेनिक है। वह संभवतः तेलंगाना की एकलौती ट्रक मैकेनिक हैं, जो ट्रकों की मरम्मत करती हैं, उनके इंजन को दुरुस्त करती हैं और ट्रकों के भारी-भरकम टायरों को भी बदलती हैं।

### ट्रक मैकेनिक बनी महिला

आदिलक्ष्मी का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन वह मैकेनिक बनेंगी। आदिलक्ष्मी ने यह काम सिर्फ अपने पति वीरभद्रम की मदद करने के लिए शुरू किया था, क्योंकि वीरभद्रम को पैसे कमाने के येडालपल्ली लिए घर से दूर रहकर काम करना पड़ता था।

यहां तक कि जब आदिलक्ष्मी ने अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया, तब भी अपने काम की वजह से वीरभद्रम उनके पास नहीं आ पाए, जिस का आदिलक्ष्मी को काफी बुरा लगा। तब उन्होंने सोचा कि वह अपने पति के लिए, गांव में ही ऑटोमोबाइल की दुकान खोलेंगी और उनकी मदद करेंगी, ताकि वीरभद्रम परिवार के साथ रह सकें। आदिलक्ष्मी दुकान पर पति की मदद करती थीं, मगर एक महिला मैकेनिक को देख कई ग्राहक वापस लौट जाते थे। इससे उन्हें निराशा महसूस होती, साथ ही आमदनी भी घट रही थी।

### पति के लिए संभाली जिम्मेदारी

फिर अपने पति को पंचर टायरों को ठीक करते देखकर उन्होंने अपने कौशल में सुधार किया। इसी तरह पति की मदद करते-करते वह खुद एक माहिर मैकेनिक बन गईं। उनके इस कार्य के लिए तेलंगाना राष्ट्र समिति ने उन्हें सम्मानित किया और टायर बदलने की मशीन के साथ ही ऐसी मशीनें भी भेंट की, जिनसे उनका काम आसान हो सके।

New Delhi

# आ गई कांग्रेस की लिस्ट, रायबरेली से राहुल गांधी तो अमेठी से स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे केएल शर्मा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने नामांकन के अंतिम वक्त अपने पत्ते खोल दिए हैं. पार्टी ने रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया है. दोनों नामों की लिस्ट आ गई है. राहुल गांधी अब तक अमेठी से चुनाव लड़ते हैं. इस बार पार्टी ने उनकी सीट बदल दी है. जबकि केएल शर्मा पहली बार चुनावी मैदान में होंगे.

शर्मा को सोनिया गांधी का करीबी माना जाता है. वो अब तक रायबरेली में सांसद प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी संभालते आए हैं. सात चरण के आम चुनाव के पांचवें फेज में 20 मई को अमेठी और रायबरेली सीट पर मतदान होगा. ये दोनों सीटें परंपरागत रूप से गांधी-



नेहरू परिवार के सदस्यों के पास रही हैं. पहली बार पार्टी ने अमेठी से गैर गांधी परिवार से उम्मीदवार बनाया है.

अमेठी और रायबरेली में नामांकन की तैयारी पूरी हो गई है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए रायबरेली जा रहे हैं. खड़गे सुबह 10:30 बजे रायबरेली पहुंचेंगे.

बता दें कि अमेठी से बीजेपी की सांसद स्मृति ईरानी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं. जबकि रायबरेली से बीजेपी ने दूसरी बार दिनेश प्रताप सिंह पर भरोसा जताया है. दिनेश 2019 का चुनाव हार गए थे. 2019 में रायबरेली से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने जीत हासिल की थी. 2014 और 2019 में अमेठी सीट पर राहुल गांधी और स्मृति ईरानी के बीच चुनावी मुकाबला देखा गया. 2014 में राहुल ने जीत हासिल की थी.

New Delhi

## शादी हुई हो या नहीं, सहमति से बने सेक्स संबंध को गलत नहीं बता सकते: दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बलात्कार से जुड़े एक मामले में सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर दो वयस्क सहमति से यौन गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो गलत काम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। अदालत ने पुरुष को रेप केस में जमानत दे दी। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि यौन अपराध से जुड़े झूठे केस आरोपी की छवि को खराब करते हैं।

जस्टिस अमित महाजन मामले की सुनवाई कर रहे थे। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, 'समाज के मानदंड तय करते हैं कि आदर्श रूप से यौन संबंध शादी के दायरे में होने चाहिए। अगर दो वयस्कों के बीच सहमति से यौन गतिविधियां हो रही हैं, तो गलत काम के लिए जिम्मेदार नहीं बताया जा सकता। फिर चाहे उनकी वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो।' कोर्ट ने कहा कि यौन अपराध के झूठे केस आरोपी की छवि खराब करते हैं और साथ ही वास्तविक मामलों की विश्वनीयता भी खत्म करते हैं। अदालत ने रेप केस में युवक को जमानत दे दी। रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने आरोप लगाए थे कि पुरुष ने उसके साथ कई बार जबरन यौन संबंध बनाए थे और शादी का वाद किया था।

महिला ने ये आरोप भी लगाए कि बाद में उसे आरोपी के शादीशुदा होने और 2 बच्चों की जानकारी मिली। महिला का दावा है कि पुरुष उससे गिफ्ट्स मांगता था और कथित तौर पर उसने पुरुष को 1.5 लाख रुपये कैश भी दिए हैं।

Karnataka

## कर्नाटक: बेल्लारी के ज्वेलरी शोरूम में फटा AC, 3 घायल, एक की हालत गंभीर

**बेल्लारी, (एजेंसी)** कर्नाटक के बेल्लारी शहर में एक ज्वेलरी शोरूम के अंदर बड़ा हादसा हो गया. इस हादसे में 3 लोग घायल हो गए, जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के मुताबिक हादसा बेल्लारी के टेरु स्ट्रीट में स्थित कल्याण ज्वेलर्स में हुआ है. यहां खराब एयर कंडीशनर (AC) में अचानक विस्फोट हो गया. धमाका इतना जबरदस्त था कि ब्लास्ट होते ही शोरूम में लगी खिड़कियों के शीशे टूट गए. इस बीच तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इन घायलों में से एक शख्स की हालत गंभीर बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि विस्फोट के तुरंत बाद ज्वेलरी शॉप के अंदर धुआं भर गया था. हालांकि, सूचना मिलने के कुछ देर के अंदर ही घटनास्थल पर दमकलकर्मी पहुंच गए और उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया. मौक पर पुलिस की टीम भी पहुंच गए थी, जो फिलहाल मामले की जांच कर रही है. धमाके के तुरंत बाद घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में उन्हें विजयनगर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (VIMS), बेल्लारी रेफर कर दिया गया.

Uttarakhand

## 24 घंटे में 40 बार धधके उत्तराखंड के जंगल आग से दो मकान जले, तीन झुलसे; एक की मौत

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में जगलों की आग आफत बनती जा रही है। पिछले 24 घंटे में 40 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर थाना क्षेत्र में गुरुवार को जंगल की आग की चपेट में आने से नेपाली मूल के एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत तीन श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीनों घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। 90 फीसदी से अधिक जलने के कारण तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अल्मोड़ा वन रेंज के अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे सूचना मिली कि ताकुल विकासखंड अंतर्गत आने वाले गणनाथ के पास बेस्यूनाराकोट के जंगल में भीषण आग लग गई है।

वनाग्नि की घटना के वक्त उसी जंगल में दीपक, शीला, पूजा और ज्ञान लीसा दोहन का काम कर रहे थे। एकाएक जंगल की आग उनकी ओर बढ़ गई। चारों ने दोहन किए हुए लीसे को आग से बचाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक चारों कुछ समझ पाते आग ने उन्हें चारों तरफ से चपेट में ले लिया। चारों श्रमिकों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने चारों को आग की लपटों से बाहर निकाला, लेकिन तब तक 35 वर्षीय दीपक पुजारा की मौत हो चुकी थी। आग से झुलसे शीला, पूजा और ज्ञान बहादुर को स्थानीय लोगों ने पिकअप वाहन से बेस अस्पताल भेजा। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अल्मोड़ा के वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बेस्यूनाराकोट के जंगल में लीसा दोहन का काम करने वाले चार मजदूर वनाग्नि की चपेट में आ गए थे।

खेल

# भुवनेश्वर ने अंतिम गेंद पर दिलाई हैदराबाद को जीत, राजस्थान का प्लेऑफ में पहुंचने का इंतजार बढ़ा

**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को अंतिम गेंद पर जीत दिलाकर दो महत्वपूर्ण अंक दिलाए, जबकि शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स का प्लेऑफ में पहुंचने का इंतजार बढ़ गया है। हैदराबाद ने नीतीश रेड्डी के 42 गेंदों पर तीन चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन और ट्रेविस हेड के 44 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्के के सहारे 58 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में राजस्थान खराब शुरुआत से उबरते हुए रियान पराग के 77 रन और यशस्वी जायसवाल के 67 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बना सकी। राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी, लेकिन भुवनेश्वर ने रोवमैन पोवेल को आउट कर हैदराबाद को जीत दिला दी। भुवनेश्वर कुमार ने इस मैच में तीन विकेट लिए और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका



निभाई।

हैदराबाद की यह आईपीएल इतिहास की सबसे कम अंतर से जीत है। इससे पहले टीम ने इसी सीजन पंजाब किंग्स को दो रन से हराया था। हैदराबाद का आईपीएल 2024 में लक्ष्य का बचाव करके हुए रिकॉर्ड शानदार रहा है और टीम ने लक्ष्य का बचाव करते हुए छह में से पांच जीत दर्ज की है, जबकि उसे इस दौरान एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल में यह दूसरी बार है जब राजस्थान को एक रन से हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले टीम को दिल्ली कैपिटल्स ने 2012 में एक रन से हराया था।

राजस्थान की 10 मैचों में यह दूसरी हार है और वह 16 अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद है। राजस्थान अगर यह मुकाबला जीतने में सफल रहती तो प्लेऑफ के लिए क्वलीफाई कर लेती, लेकिन टीम ऐसा नहीं कर सकी। दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष चार में पहुंच गई है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और भुवनेश्वर ने इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन को पहले ही ओवर में खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। शुरुआती ओवर में दोहरे झटके लगने से राजस्थान की पारी लड़खड़ा गई।

शुरुआती झटकों के बाद यशस्वी जायसवाल और रियान पराग ने राजस्थान की पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले की समाप्ति तक 60 रन खड़े किए। यशस्वी को हालांकि पैट कमिंस ने जीवनदान दिया और उनका आसान सा कैच छोड़ा। कमिंस से मिले इस जीवनदान का यशस्वी ने पूरा फायदा उठाया और अर्धशतक जड़ दिया। इसके कुछ देर बार रियान ने भी अपना पचासा पूरा किया। देखते ही देखते दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी कर डाली। यह बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल में कई गई दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सिनेमा

## क्या गुरुचरण सिंह ने खुद किया अपने लापता होने का प्लान? पुलिस को इस बात से है एक्टर पर शक



तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रौशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरुचरण सिंह को लापता हुए 10 दिन से ज्यादा हो गए हैं। अभी तक पुलिस उनको ढूंढ नहीं पाई है। हालांकि इस केस की जांच चल रही है और रोज नए अपडेट्स आते रहते हैं। फिलहाल पुलिस ने एक्टर के पिता की शिकायत को देखते हुए किडनैपिंग का केस दर्ज किया है, लेकिन अब ऐसा कहा जा रहा है कि लापता होना एक्टर का खुद का प्लान है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस के किसी सोर्स ने उनसे कहा, उन्होंने अपना फोन पालम में छोड़ा। हम उन्हें ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ट्रेस करना हमारे लिए और मुश्किल हो रहा है क्योंकि फोन उनके पास नहीं है। सीसीटीवी फुटेज में हमने देखा कि वह एक ई रिक्शा से दूसरे ई रिक्शा में जा रहे थे। ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने सब प्लान किया हुआ था और फिर दिल्ली से बाहर चले गए। गुरुचरण लास्ट 22 अप्रैल को देखे गए थे। इसके 4 दिन बाद उनके पिता ने गुमशुदा की शिकायत दर्ज की थी। शिकायत में लिखा है कि मेरा बेटा गुरुचरण सिंह, उम्र 50 साल, निकलते थे 8.30 बजे 22 अप्रैल को मुंबई के लिए। वह एयरपोर्ट गए थे फ्लाइट के लिए, लेकिन मुंबई नहीं पहुंते ना ही घर वापस आए। उनका फोन भी नहीं मिल रहा है। वह मेंटली स्टेबल हैं और हमने उन्हें ढूंढा, लेकिन वह मिल नहीं रहे हैं।

## Highlights

1. **Counter Cong claim of BJP wanting to 'change' Constitution: Shah**
2. **Elections for six MLC posts in Karnataka on 3 June**
3. **Earthquake alert: Magnitude 4.3 tremor hits Afghanistan, says NCS**
4. **Sexual abuse charges conspiracy to weaken us: Prajwal's brother**
5. **Delhi Police to summon TPCC members again in Shah fake video case**
6. **Water crisis looms Shillong as Mawphlang Dam water level decreases**

# Indian techie fired by Tesla gets 4 crore Meta job: 'Needed to prove myself again'

**NEW DELHI, (Agency).** An Indian techie- Hemant Pandey- who joined a full-time software role at Tesla in 2018 after an internship at Amazon during his graduate program in Delhi said that Elon Musk's company was his dream and the pay was "top-notch". At the time, he was elated with the trajectory of his career but then Tesla laid him off seven months later when he had invited his parents from India to visit him in California, Business Insider reported.

He shared, "It was my first job and getting laid off meant having to build rapport all over again in just six months. I needed to prove myself again."

Participate daily to win an iPhone 15 & Boat Smartwatches!

What is Hemant Pandey doing now? He is a senior software engineer role at Meta with a ₹4 crore per annum salary and has received offers from LinkedIn and TikTok, he said. Talking to the publication, he said that he had applied to Meta in 2021 after learning about




the company's "crazy" salary packages even though his GPA during the master's degree was not very "impressive".

He shared these few tips for younger professionals:

On work experiences, he said, if people ask me what I did at Salesforce, I can help them know more by explaining rather than writing a paragraph." And he sticks to three short bullet points for each role.

On how to connect with recruiters during an interview, he said, "I generally share how I bombed my first semester and was intimidated. This makes a good growth and learning-from-failures story." Read more: Apple CEO Tim Cook on AI: 'We continue to feel very bullish'

On how software engineers grow to senior roles, he said that the job becomes less about coding and more about leading teams. He explained, "But if I still interview for a startup, they don't really care about how I'm leading or shipping products. They care about whether I can write code or be tech-savvy enough."

# Kotak's Manian Vies With Federal Bank's Executives to Be CEO

**NEW DELHI, (Agency).** Federal Bank Ltd's list of candidates to head the Indian lender features two insiders alongside K.V.S Manian, who resigned this week from Kotak Mahindra Bank Ltd., according to people with knowledge of the matter.

The bank's board is seeking a replacement for Shyam Srinivasan, whose tenure as chief executive officer ends in September, the people said, asking not to be identified as the information is confidential. Harsh Dugar and Shalini Warrier, both currently executive directors at the lender, as well



as Manian, are on the list of potential candidates the board plans to send to the regulator soon, they said.

Federal Bank said it had identified two internal candidates for the role at its post earnings call on Thursday, without elaborating. A spokesperson for the bank declined to comment. Manian did not return messages seeking comment.

Manian was once touted as a potential CEO at Kotak before the position went to an external candidate. At Kotak, he spearheaded growth at the wholesale bank, commercial bank and private banking, as well as oversaw the institutional equities and investment banking businesses.

# ट्रांसपोर्टर जुड़वां बच्चों, पत्नी को 34 हजार हर माह दें

## एक साल के बकाया 10 लाख रु. भी देने होंगे, फैमिली कोर्ट का आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भरण पोषण के एक मामले में फैमिली कोर्ट ने ट्रांसपोर्टर पति को आदेश दिया है कि वह जुड़वां बच्चों और पत्नी को 34 हजार रु. हर माह दें। यह राशि पत्नी को आजीवन और बच्चों को बालिग होने तक देनी होगी। इसके साथ ही एक साल का बकाया 10 लाख रु. की राशि भी तीनों को देने का आदेश दिया।**

मामला इंदौर निवासी सिमरन कौर का है। उसकी शादी 15 सितम्बर 2018 को अहमदाबाद के ट्रांसपोर्टर लवदीपसिंह भाटिया से हुई थी। सितम्बर 2019 में उसे जुड़वां पुत्र हुए। इस दौरान पति ने उसे दहेज के लिए प्रताडित करना शुरू कर दिया। फिर दहेज में मिला सारा सामान रखकर उसके साथ मारपीट की। पति ने कई बार उसे जान से मारने की धमकी दी और घर से निकाल दिया। फिर मायके, रिश्तेदारों और परिचितों को भी फोन लगाकर पत्नी को बदनाम करने लगा। इसके अहमदाबाद कोर्ट में दावा पेश कर दिया। पत्नी की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने केस को इंदौर कोर्ट में ट्रांसफर किया तो पति ने साथ रखने का दावा हटा लिया। इधर जुड़वां बच्चों में से एक सचमन सिंह के सिर में पानी भरा होने से उसका दाहिना अंग लकवाग्रस्त हो गया। इस पर पति ने उसे मारने की जिद की। सुसराल वालो का तर्क था कि यह बच्चा कभी ठीक नहीं होगा। यह कमाएगा भी नहीं और इस पर अनावश्यक खर्चा होगा इसलिए इसे मार देना चाहिए। इस पर पत्नी विरोध करती थी तो उसके साथ मारपीट करते थे।

इसके बाद पत्नी इंदौर में माता-पिता के यहां आ गई। उसने पति पर घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडना, भरण-पोषण के साथ तलाक का भी केस लगा दिया। सिमरन के एडवोकेट केपी माहेश्वरी के मुताबिक भरण पोषण के केस में ससुर हरमहेन्द्र सिंह भाटिया ने बचाव किया कि सिमरन माता-पिता से अलग रहने का दबाव बनाती थी। कोर्ट ने पति की आय 80 हजार रु. प्रति माह मानी। साथ ही आदेश दिया कि वह बीमार पुत्र सचमन सिंह को 12 हजार रु. प्रति माह, दूसरे पुत्र सुखमन सिंह के लिए 7 हजार रु. और पत्नी सिमरन को भरण पोषण के लिए 15 हजार रु. हर माह दें। इसके साथ ही फरवरी 2022 से बकाया 10 लाख रु. भी एक मुश्त दें।

## घर के सामने खड़े रहने से मना किया तो दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र के अखंड नगर में रहने वाले वैष्ठलाश पिता शंकरलाल सोलंकी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि कान्हा उनके घर के सामने खडा रहता है। फरियादी ने उसे घर के सामने खड़े रहने से मना किया ता कान्हा ने विवाद कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी तक दे दी। मारपीट में अनिता सोलंकी घायल हो गई।

## घूरने को लेकर झगड़ा, मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक स्टूडेंट के साथ पूर्व परिचित ने घूरने की बात पर विवाद किया। आरोपी ने खिलाफ मारपीट और एसटीएससी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। राऊ पुलिस के मुताबिक मनीष भाटिया(21) निवासी श्रमिक कॉलोनी ने बताया कि वह दोस्त राघव के साथ देर रात कशिश पंजाबी ढाबे पर डिनर के लिए पहुंचे थे। यहीं पर परिचित विकास चौधरी निवासी बिजलपुर खाना खा रहा था। विकास इस दौरान घूरकर देख रहा था। मैंने उससे कारण पूछा तो वह गुस्सा हो गया और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगा। इस दौरान उसने मारपीट शुरू कर दी। विकास को रोका तो उसने हाथ को मुंह में भर लिया। जिसमें दांत से काटने लगा। इस दौरान अंगूठे से खून निकलने लगा। बाद में थाने पहुंचा ओर केस दर्ज करा दिया।

## एमडी ड्रग्स के साथ धराया तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच की टीम ने एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर को पकड़ा है। उससे करीब दो लाख रूपए की एमडी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए एमआईजी पुलिस को सौंपा गया है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एमआईजी क्षेत्र में एक बदमश एमडी की तस्कीर करने आने वाला है। इस पर घेराबंदी कर पुलिस ने राहुल पिता दिनेश कदम निवासी विदुर नगर को श्रीनगर कांकड मस्जिद के पास से गिर तार कर उसके कब्जे से करीब 18.73 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है।

## रिपोर्ट लिखवाई तो की मारपीट

इंदौर। राऊ पुलिस को फरियादी कालू पिता भेरूसिंह डाबर निवासी नेहरू नगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि लखन और उसके साथी ने आकर कहा कि तुमने मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई थी, रिपोर्ट लिखाकर भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए। लखन के साथियों ने फरियादी को अपशब्द कहते हुए डंडे से मारा और पत्थर भी फेंका। बीचबचाव करने आए फरियादी के भाई सुनील भी मारपीट का शिकार हो गया जिससे वह घायल हो गया।

## सिर में मार दिया डंडा

इंदौर। लसुडिया पुलिस को जगतसिंह पिता गम्भीरसिंह निवासी निरंजनपुर सब्जी मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई कि मैं अपनी झोपड़ी में रह रहा था तभी वहां मुंगेरसिंह और उसका भाई दलवीरसिंह आए और अकारण विवाद करने लगे तो फरियादी ने दोनों भाईयों को अपशब्द कहने से मना किया तो उन्होने फरियादी को सिर पर डंडे से मार दिया जिससे वह घायल हो गया।

## जुआ खेलते पकड़ाए

इंदौर। छत्रीपुरा पुलिस ने लाबरिया भेरू के समीप झोपडी में दबिश दी जहां नंदकिशोर पिता गोपीचंद बिलाला, लखन पिता मांगीलाल पारदी, दुर्गेश पिता राकेश परमार, राकेश पिता तेजू परमार जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने रुपयों की हार-जीत का दांव लगाने वालों पर जुआं एक्ट की कार्रवाई की।

## पानी पतासे वाले का फोड़ दिया सिर

इंदौर। पानी पतासे का ठेला लगाने वाले को पतासे के 20 रुपए मांगना भारी पड़ गया। पुलिस को फरियादी आकाश पिता खूबचंद साहू ने शिकायत दर्ज करवाई कि कल्पना पैष्ठक्ट्री के सामने निर्वाणा गार्डन वाली गली में वह पानी पतासे का ठेला लगाता है, कल शाम को वहां मोटर सायकल क्र.एमपी-09 झेडजी-4280 से एक युवक आया और पानी पतासे खा लिए, जब आकाश ने पानी पतासे के 20 रुपए मांगे तो मोटर सायकल चालक ने उसे अपशब्द कहे और मारपीट करने लगा। इसी दौरान बाइक चालक ने आकाश को रोड पर पड़े पत्थर को उठाकर सिर पर मार दिया जिससे वह घायल हो गया।

## कथा में सोने के आभूषण ओर मोबाइल ले गए बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनेश्वरी ग्रांउड में चल रही धीरेन्द्र शास्त्री की कथा सुनने दतिया से व्यापारी का परिवार इंदौर पहुंचा। अलसुबह कथा स्थल पर नही जाने देने से जीजा की अस्थायी कटलरी की दुकान में सो गए। इस दौरान पर्स में रखे मां ओर दो बहनों के आभूषण बदमाश चुराकर ले गए। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। हीरानगर पुलिस ने रोहित सोनी निवासी बडौनी दतिया की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। रोहित ने बताया कि वह बड़ोनी में कास्टमेंटिक्स की शॉप संचालित करते है। मां उमादेवी ओर बहन उमा और रागिनी ने धीरेन्द्र शास्त्री की कथा इंदौर में होने के चलते यहां उनके दर्शन की बात कही। इस पर सभी को लेकर वह इंदौर आया। सुबह साढ़े पांच बजे का समय था। दिनभर थकने के बाद रात में बहन ओर मां को लेकर जीजा की अस्थायी कटलरी की दुकान पर ही सो गए। जो कथा स्थल के पास मदन महल रोड़ पर लगी थी। इस दौरान तीनों ने अपने जेवर उतारे ओर बहन बीना सोनी के पर्स में रख दिए। बाद में सुबह 4 बजे नींद खुली तो पर्स गायब था। उसमें एक सोने की चैन,दो सोने की अंगूठी,कान के टॉप्स,एक मोबाइल नही था।

## स्कूटर सवार महिला को कार ने मारी टक्कर

**इंदौर।** कनाडिया में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक महिला को एक कार सवार ने टक्कर मार दी और कार को रिवर्स लेकर तेजी से भाग गया। महिला के बयान के आधार पर कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कनाडिया पुलिस के मुताबिक उषा शर्मा प्रशांत सागर अपार्टमेंट ने बताया कि 1 मई की दोपहर में वह घर से एक्टिवा पर सामान लेने निकल थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक